संक्षिप्त

चार उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज

टोंक, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान नामांकन प्रक्रिया के तहत जिन उम्मीदवारों ने अपने नाम निर्देशन प्रस्तुत किये थे, उनकी शुक्रवार 5 अप्रैल को संवीक्षा की गई। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अशोक कुमार बंसीवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए निर्दलीय खुशीराम एवं सौरभ गोगर, असंख्य समाज पार्टी से कजोड़ सांसी तथा बहुजन समाज पार्टी से कपूर चंद का नामांकन संवीक्षा के दौरान खारिज किये गये।

विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किये

निवाई, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गठित एसडीएमसी के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी नटवाडा भगवानसहाय चौधरी ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा ने नियुक्ति-पत्र जारी कर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विकास प्रबंधन समिति के लिए विधायक प्रतिनिधि के रूप में रमेशचंद लावडा व भगवानसहाय चौधरी को मनोनीत किया है। विद्यालय में समय-समय पर होने वाली बैठकों के लिए मनोनीत सदस्यों को आमंत्रित करते हुए विद्यालय के विकास की योजनाओं में सहभागी होंगे।

श्रीराम उत्सव कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम अजीतपुरा में शुक्रवार को श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बजरंग दल जिला संयोजक ने बताया कि इस मौके पर ग्राम ईकाइ का गठन किया गया। जिसमें धर्मेंद्र मीणा को अध्यक्ष, विनोद जांगिड़ को उपाध्यक्ष, राकेश पंवार को सहमंत्री, प्रवीण को बजरंग दल संयोजक, सतवीर कुमावत को सह संयोजक, अजय चौधरी को मिलन प्रमुख, धर्मेंद्र पहलवान को अखाडा प्रमुख, महेंद्र कुमावत को गौरक्षा प्रमुख, नीरज ताखर, टिंकू कुमावत, करण हिन्दू को विद्यार्थी प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रखंड बजरंग दल सह संयोजक सोनू चौहान, सरपंच नेतराम ताखर, विजय ताखर, हवासिंह जाट व नवीन कुमावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आयुक्त से व्यापारियों ने भेंट की

कोटपूतली, (निसं)। नगर परिषद कोटपूतली के नवनियुक्त आयुक्त धर्मपाल जाट से शुक्रवार को व्यापारियों ने वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार कसाना के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। व्यापारियों ने आयुक्त का अभिनंदन करते हुये उन्हें आमजन व व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुये क्रमशः कस्बे के मुख्य बाजार में चल शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाने, शहर में पार्किंग स्थल एवं नियमित रूप से सडक़ों व नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ करवाये जाने की मांग की। आयुक्त जाट ने सभी समस्याओं के हर सम्भव समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान महामंत्री ख्यालीराम सैनी, सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद मित्तल, गुरूप्रसाद अग्रवाल व सुरेन्द्र कुमार चौकडायत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की जनसभा आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लोकसभा चुनावों को लेकर सीकर भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में शनिवार को श्रीमाधोपुर अजितगढ राजमार्ग पर डूंगजी वाली ढाणी के पास जनसभा का आयोजन होगा। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनवारीलाल यादव ने बताया कि दोपहर तीन बजे जनसभा को तिजारा विधायक व लोकप्रिय नेता बाबा बालक नाथ तथा यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा सम्बोधित करेगें। इससे पहले विधानसभा में दो दर्जन से अधिक पंचायतों का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती व भाजपा नेता नुक्कड सभाओं को सम्बोधित कर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेगें। वहीं शाम 6 बजे नगरपालिका श्रीमाधोपुर में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क करेगें। वहीं दोपहर 12.30 बजे बामरडा जोहडा में शहीद की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, सांसद सुमेधानंद सरस्वती तथा भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिनेश धाबाई शिरकत करेगें।

ईआरसीपी योजना जल्द से जल्द पूरी कराना मेरी प्राथमिकता : भूपेंद्र यादव

अलवर, (निसं)। शहर विधानसभा क्षेत्र में संपर्क के दौरान आढती यूनियन द्वारा भूपेंद्र यादव का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। आढती यूनियन की तरफ से केंद्रीय मंत्री को काजू से तोला गया। इस मौके पर मौजूद आढती यूनियन के प्रधान और सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री का बडी फूल की माला व साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आढती यूनियन द्वारा किए गए मान सम्मान के लिए उनका हृदय के अंतकरण से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की आप सभी का प्यार और सहयोग के जरिए ही मैं अलवर की आवाज बनकर संसद में जाऊंगा। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा की अलवर की मूलभूत समस्याओं का हल जरूर होगा। अलवर में पीने के पानी की समस्या का पूर्णता समाधान होकर रहेगा यह मोदी की गारंटी है। भूपेंद्र यादव ने स्थानीय आढती भाईयों और किसानों से मोदी जी के हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा की ईआरसीपी योजना को जल्द से जल्द पूरा करवाना मेरी प्राथमिकता होगी अलवर क्षेत्र के बांधों में जल पहुंचाना बेहद जरूरी है इसके जरिए किसान भाइयों की सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। इसको मैं भली भांति जानता हूं, आप लोगों की समस्या दुख दर्द दूर करने और अलवर का विकास करने के लिए ही मोदी जी ने मुझे यहां भेजा है हर घर नल से जल योजना जल्द से जल्द पूरी होगी ये मेरा संकल्प है।

इस मिशन में हुए घोटाला करने वालों को छोडा नहीं जाएगा। जिन इलाकों में सर्वे ठीक से नहीं हुआ है वहां भी दोबारा से सर्वे कराया जाएगा ताकि जिन लोगों तक यह योजना नहीं पहुंची है उन लोगों तक इस योजना को पहुंचाने का काम आपका अपना भाई भूपेंद्र यादव करेगा। उन्होंने कहा की मोदी जी की गारंटी और मोदी जी पर आपके विश्वास का कोई तोड नहीं है। उन्होंने कहा की 2024 का चुनाव देश का भविष्य बनाने वाले को चुनने का चुनाव है।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, जयराम जाटव, जालम सिंह, महन्त रुप नाथजी, यूनियन के सरक्षक देवेंद्र छाबडा, अध्यक्ष आकाश सोनी, महासचिव सौरभ कालरा, पंडित जले सिंह, पदम सैनी, महेश मीणा, रिंकी वर्मा, प्रधान वीरमती देवी, दौलत राम जाटव, प्रेम पटेल, बनवारी पटेल, लक्ष्मी जाटव, देशराज खरेरा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आढ़ती यूनियन की तरफ से केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का अभिनंदन किया।

■ भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव ने किया जनसंपर्क

मुख्यमंत्री ने चाकसू में रोड शो किया, टोंक में रोड शो आज

चाकसू, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार देर शाम को चाकसू में भाजपा के दौसा लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान चाकसू समेत विधानसभा की जनता ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत-सत्कार किया।

तय कार्यक्रम से करीब 2 घंटे लेट पहुंचे सीएम शाम को जयसिंहपुरा हेलीपैड पर पहुंचने पर लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा, भाजपा पदाधिकारी समेत कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां से कोटखावदा मोड के अंबेडकर सर्किल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रोड-शो शुरू किया। मुख्यमंत्री के साथ केबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह राठौर भी मौजूद थे। रोड-शो में जनता का जन सैलाब उमड पडा। मुख्य बाजार में जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गए और विभिन्न समाजों व भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान पुलिस महकमे के अधिकारियों एवं पुलिस का भारी जाप्ता तैनात था।

टोक, । मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा, टोंक जिले में पहली पधार रहे है। उनके स्वागत की तैयारियां पार्टी स्तर पर की जा रही है। इस सम्बन्ध में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि 6 अप्रेल भाजपा का स्थापना दिवस भी है और चुनावों के मध्यनजर भाजपा प्रत्याक्षी सुखबिर सिंह जौनपुरिया का समर्थन जुटाने व पार्टी हित में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विजय बनाने के लक्ष्य से टोंक जिले के उपखण्ड देवली में स्थित सीआईएसएफ के परिसर से धान मण्डी चौराहे तक एक रोड शो का आयोजन रखा गया है।

मेहता ने बताया कि रोड शो की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही है, रोड शो सायं 4 बजे से 5 बजे तक एक घन्टे की समय अवधि में रखा गया। इसमें सभी कार्यकर्ताओं व सम्मानीय नागरिक शामिल होगें। जिसमें 10000 का संख्याबल कम से कम निर्धारित किया गया है।

वाहनों की जांच पड़ताल में 7 लाख 73,600 रूपये जप्त

मालपुरा, (निसं)। लोकसभा चुनाव के दौरान हवाला की राशि के परिवहन की रोकथाम को लेकर निर्वाचन कार्यालय मालपुरा द्वारा गठित एसएसटी व एफएसटी टीमों ने अजमेर व केकडी रोड पर नांकाबंदी लगा वाहनों की जांच पडताल के दौरान लग्जरी कार व पिकअप से 7 लाख 73600 रूपये की नगद राशि जप्त की।

निर्वाचन कार्यालय मालपुरा से मिली जानकारी अनुसार मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर भोपालावजी मोड के पास एफएसटी टीम नम्बर 9 प्रभारी प्रवीण कुमार टेलर के सुपरविजन में वाहनों की जांच के दौरान एक पिकअप से 73600 रूपये की नगद राशि बरामद की गई। चालक द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर राशि को जप्त कर निर्वाचन कार्यालय को सुपुर्द किया गया। वही एसएसटी टीम नम्बर 6 द्वारा मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर उनियारा खुर्द नांके पर जांच के दौरान कार से 7 लाख रूपये की राशि बरामद की गई। टीम प्रभारी बृजमोहन सिंह ने संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर राशि को जप्ती की कार्यवाही की गई। चुनाव से पूर्व टीमों द्वारा की गई कार्यवाही में शुक्रवार को दोनो ही कार्यवाही अब तक की सबसे बडी कार्यवाही के रूप में सामने आई। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को प्रलोभन दे चुनावों को प्रभावित करने से गठित टीमों द्वारा अवैध शराब परिवहन व बेचान सहित अवैध रूप से भंडारण के साथ-साथ हवाला की राशि के परिवहन की रोकथाम के लिये टीमे लगातार कार्यवाही कर रही है।

एसएसटी व एफएसटी टीमों ने अजमेर व केकड़ी रोड पर नांकाबंदी लगा वाहनों की जांच की।

छप्परपोश मकान में लगी आग, वृद्धा की मौत

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र के मित्रपुरा थाना अंतर्गत बोरखेडा गांव के एक छप्पर पोश मकान में अचानक आग लग जाने से 75 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई एवं एक भैंस व 3 वर्षीय बालक झुलसकर घायल हो गए।

मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतका का बरदी देवी बैरवा उम्र 75 वर्ष के पुत्र कैलाश बैरवा ने मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मित्रपुरा तहसील के बोरखेडा गांव में एक छप्पर पोश मकान जिसमें बाहर छप्पर पोश था एवं शेष मकान पक्का बना था अचानक आग लग गई उस समय परिवार के सभी सदस्य खेत पर कार्य कर रहे थे जिसमें आराम कर रही वृद्धा बरदी देवी बैरवा उम्र 75 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई एवं एक तीन वर्षीय बालक व एक भैंस झुलसकर घायल हो गए मृतक वृद्ध आगजनी में इस प्रकार घिर गई कि उसे बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और उसने आगजनी में अपनी जान दे दी। सूचना पाकर मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह हल्का पटवारी व ग्राम सरपंच मौके पर पहुंचे एवं आमजन की सहायता से आगजनी पर काबू पाकर मृतका के शव को मित्रपुरा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आगजनी में चारा, अनाज व घरेलू सामान जलकर राख हो गए।

आग में एक भैंस व तीन वर्षीय बालक झुलसकर घायल हो गया।

दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग

जयपुर, (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी की जिला सचिव ने ताराचंद निवासी धोबी घट्टा, बाग वाला कुआं, शमशान घाट के पास के साथ जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मांग की कि कोतवाली थाने में दर्ज 0239 में हत्या की धारा लगाकर निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कडी कानूनी कार्यवाही की जाए।

ज्ञातव्य हो कि ताराचंद का बेटा हेमराज 12 मार्च की सल्फॉस खाने से मृत्यु हो गई थी। इसकी सूचना अरिहंत हॉस्पिटल के कर्मचारी ने फोन पर ताराचंद को दी। ताराचंद का बेटा अरिहंत हॉस्पिटल के आगे पहुंचा तो एंबुलेंस में हेमराज बेसुध पडा मिला। वह हेमराज को पहले सोलंकी हॉस्पिटल फिर सरकारी अस्पताल और फिर जयपुर लेकर गया। इस दौरान उसने अपनी मां ममता को भी बुला लिया। हेमराज का पोस्टमार्टम सरकारी अस्पताल अलवर में हुआ। 13 मार्च को ताराचंद ने 0239 दर्ज करवाई। हेमराज की मृत्यु के तीन-चार दिन बाद अरिहंत हॉस्पिटल के कर्मचारी का फोन आया जिस पर हेमराज की मां ममता ने बात की तो अरिहंत होस्पिटल के कर्मचारी ने धमकी देते हुए कहा कि आगे से यहां एंबुलेंस खडी की तो केरोसिन छिडककर आग लगा देगा।

हमें पूरा शक है कि अरिहंत हॉस्पिटल के कर्मचारी हेमराज की हत्या में शामिल हैं। क्योंकि अरिहंत हॉस्पिटल का कर्मचारी लोकेश हत्या के दिन से फरार है। अरिहंत हॉस्पिटल के कर्मचारी लोकेश तथा प्रिया हेमराज को कमीशन देने के लिए परेशान करते थे। जिला पुलिस अधीक्षक ने फाइल मंगवा दिखाने और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसमें कार्यवाही की मांग के लिए एक-एक ज्ञापन डीजीपी राजस्थान, एडीजीपी क्राइम ब्रांच राजस्थान, तथा सीएम राजस्थान को भी भेजा गया है और कार्यवाही की मांग की गई है।

अबकी बार 400 पार के नारे की हवा निकल चुकी है : ललित यादव

अलवर, (निसं)। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने शुक्रवार को तिजारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर जन समर्थन जुटाया।

कांग्रेस के पूर्व विधायक संदीप यादव और कांग्रेस प्रत्याशी रहे इमरान खान की जुगलबंदी के बीच तिजारा की जनता जनार्दन ने कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव का ऐतिहासिक भव्य स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी ललित को हंसबग्गी में बैठाकर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट देने की अपील की गई। ललित के पक्ष में समर्थकों का जोश कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, ललित यादव जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ बढता ही गया। ग्रामीणों की ओर से कांग्रेस पार्टी के युवा एवं स्थानीय प्रत्याशी ललित का कहीं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया तो कहीं तराजू पर केले व फलों से तोलकर आमजन ने अपना समर्थन जताया। कांग्रेस प्रत्याशी ललित ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे की हवा निकल चुकी है। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक संदीप यादव और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे इमरान खान को आप द्वारा मिले समर्थन के जोश को हमें इस लोकसभा चुनाव में ओर अधिक बढाना है। उन्होंने कहा कि अलवर लोकसभा सीट की आठ विधानसभा क्षेत्रों में आपका मिल रहा मजबूत स्नेह यह तय कर रहा है कि इस बार अलवर में कांग्रेस के हाथ का साथ होगा अलवर जिले का विकास। तिजारा के पूर्व विधायक संदीप यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में हमें कोई गलती नहीं करनी है और हमारे स्थानीय, युवा संघर्षशील प्रत्याशी भाई ललित को देश की सबसे बडी पंचायत में भेजकर अलवर जिले के विकास की एक नई इबारत लिखनी है। तिजारा से विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रहे इमरान खान ने कहा कि इस बार जनता का एक ही फोकस है स्थानीय ललित और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की इस बार हवा टाइट है ऐसे में 19 अप्रैल से पहले अलवर लोकसभा का चुनाव तो हो गया यहां से ललित भाई की जीत पक्की है। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने तिजारा सब्जी मंडी, इसरोदा, उदयपुर, सैदपुर, अलुपुर, नांगलिया, भिवाडी गांव, सांथलका, हरचंदपुरा, रामपुर, घटाल, साहडोद, मुंडाना, बिलंद्री, खैरानी, गोधान, झिवाना, मायापुर, टपूकडा, मीठियावास, रंभाना, जोजाका सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया।

कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव का भव्य स्वागत किया।

■ कांग्रेस प्रत्याशी का कहीं चांदी का मुकुट पहनाकर तो कहीं फलों से तोलकर आमजन ने समर्थन जताया

श्रीयादे माता माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष से इस्तीफा लेने की मांग

फुलेरा, (निसं)। श्रीयादे माता माटी कला बोर्ड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष से इस्तीफा लेने की मांग जोरों से उठाई जा रही है। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी डॉ. तारा चन्द वर्मा (प्रजापति) ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को एक ज्ञापन सौपा है। उक्त ज्ञापन में डॉ. तारा चन्द वर्मा (प्रजापति) ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित अन्य को अलग अलग स्थानों से पत्र लिखकर पार्टी हित में विचार व्यक्त किया है। इसी क्रम में डॉ. वर्मा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र में बताया कि हाल ही में श्री यादे माता माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए दल बदलू प्रहलाद राय टांक से उनके पद से इस्तीफा लेना पार्टी हित में उचित होगा। ज्ञापन में बताया कि जिस व्यक्ति ने सरेआम संघ व भाजपा को गालियां निकाली थी। इतना ही नहीं भाजपा व संघ के झण्डे जलाए है। पार्टी ने श्रीगंगानगर से वर्तमान में प्रहलाद राय को श्री यादे माता माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। पार्टी आलाकमान के इस फैसले से कार्यकर्ताओं का मन चोटिल हुआ है। अतः उक्त व्यक्ति से आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही उनके अध्यक्ष पद से इस्तीफा लेकर पार्टी हित में कार्य करे।

सार-समाचार

संयुक्त निदेशक ने सीएचसी का निरीक्षण किया

टोंक, (निसं)। संयुक्त निदेशक चिकित्सा एव स्वास्थ्य, डॉ. संपत सिंह जोधा ने शुक्रवार को निवाई सीएचसी का निरिक्षण किया। उन्हें दवा की उपलब्धता, साफ सफाई, रखरखाव, आदि का भी निरिक्षण किया। स्वास्थ्यकर्मियों की सीएचसी की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बीसीएमओ निवाई डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जे. डी. डॉ संपत सिंह जोधा ने निवाई सीएचसी में दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य उपकरण, साफ सफाई व अन्य के बारे में जानकारी ली। दवा की स्टॉक की जानकारी ली, इमरजेंसी दवा की उपलब्धता आवश्यकता के बारे में जानकारी ली, स्वास्थ्य कर्मियों को सीएचसी आने वाले रोगियों को बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य देने के लिए कहा। सीएचसी में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाये मुहैया कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीएचसी इन्चार्ज डॉ के के विजय, डॉ रामजी लाल बैरवा, सीएचसी निवाई व बीसीएमओ कार्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

विषय विशेषज्ञों का मनोनयन

जयपुर, (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा में स्थापित राजनैतिक आख्यान संग्रहालय अनुसंधान समिति में विषय विशेषज्ञों का मनोनयन किया है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि अनुसंधान समिति राजस्थान विधानसभा में स्थापित डिजिटल संग्रहालय की विषयवस्तु में अभिवृद्धि अथवा परिवर्तन के लिए सुझाव देगी। अध्यक्ष देवनानी ने इस समिति में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के पूर्व कुलपति मोहन लाल छीपा, भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक एवं शिक्षाविद कुलदीप अरोडा, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक राजेश व्यास, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के जयपुर वृत्त अधीक्षक नीरज त्रिपाठी और श्री अरविन्दो सोसाइटी जयपुर के सचिव सूर्य प्रताप सिंह राजावत का मनोनयन किया है।

मतदान के लिये जाग्रत किया

मालपुरा, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अमित चौधरी के निर्देशो पर मालपुरा विधानसभा क्षैत्र मे चलाये जा रहै स्वीफ कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को बालिका आदर्श विद्या मंदिर मे बालिकाओं मे अखण्ड भारत के छाया चित्र के रूप मे मानव श्रंखला बनाने के साथ-साथ रंगोली व मेहन्दी सहित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को पहले मतदान फिर कन्यादान का संदेश दे मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीफ कार्यक्रम नोडल प्रभारी सतपाल कुमावत, सीबीईईओ श्योजीराम बैरवा,विधालय प्रधानाचार्य सुरजमल शर्मा, जगदीश गुर्जर, बाबूलाल यादव, अमित पारीक, गोर्वधन शर्मा, घनश्याम, मिनाक्षी, रेणु आदि ने युवा मतदाता को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक कर एक-एक वोट की कीमत व महत्व से अवगत करवाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं मे छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लेते हुये मतदान जागरूकता की शपथ ली।

सिंधी समाज ने ए.डी.एम को सौंपा ज्ञापन

मालपुरा, (निसं)। पूज्य सिंधी पंचायत सेवा समिति मालपुरा अध्यक्ष डॉ. अर्जुनदास धनजाणी के नेतृत्व में सिंधी समाज के रतन लाल, राजकुमार लोकवानी, कारा सिंधी सहित समाज बंधुओं की और से मुख्यंत्री के नाम उपजिला कलेक्टर अमित चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत करवाया कि 3 अप्रेल को जयपुर में सिंधी समाज के एक युवक मोहनदास की शीतिज शर्मा नाम के युवक द्वारा क्रिकेट बेट से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई लेकिन आरोपी पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से सिंधी समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि आरोपी युवक के पिता जो कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में ड्यूटी पर तैनात होने से कार्यवाही प्रभावित हो रही है। मृतक युवक जो कि एक बेहद गरीब परिवार से होने तथा ठेला चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाता था। युवक की मौत के बाद वृद्ध माता-पिता सहित चार बहनों के सामने आर्थिक संकट व दुखों का पहाड टूट पडा है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये पीडित परिवार को 1 करोड की आर्थिक सहायता व मृतक की दोनो बहनों को पुलिस सेवा में नौकरी देने तथा वृद्ध माता-पिता की पेंशन चालू करवाये जाने की मांग की है।

कलेक्टर व एस.पी. ने संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया

कोटपूतली, (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी वंदिता राणा ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों क्रमशः बबेरा, बाबरिया, इन्द्राडा, कोठिया का निरीक्षण करते हुये विशेष निगरानी व चुनाव आयोग के निर्देशानुसार समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलक्टर व एसपी ने बानसूर विधानसभा के ईवीएम संग्रहण केन्द्र राजकीय महाविधालय परिसर, हरसौरा रोड, बानसूर के ले आउट प्लान का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं मतदाता जागरूकता के तहत चलाये जा रहे स्वीप अभियान के अन्तर्गत उपखण्ड कार्यालय बानसूर में बनाई गई विशेष रंगोली का अवलोकन कर अधिक से अधिक गतिविधियों का आयोजन करने हेतु निर्देशित भी किया। इस दौरान एसडीएम रविकांत सिंह, डीएसपी सत्यप्रकाश मीणा, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ समेत चुनाव कार्मिक मौजूद रहे।

जौनापुरिया ने हरीश मीणा के आरोपों का खंडन किया

टोंक, (निसं)। टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट पर अभी पूरी तरह चुनावी रंग चढा भी नहीं कि भाजपा के प्रत्याशी सुखबिर सिंह जौनापुरिया ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश चन्द मीणा द्वारा लगाये गये सभी आरोपों व प्रत्यारोपों का खण्डन करते दिखे। जौनापुरिया ने कहां कि मुझ पर आरोप लगाये जा रहे है कि मैं अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति हूं जबकी मैं ना तो कभी थाने में बन्द हुआ हुं, ना ही कभी जेल गया हुं। हरिश मीणा से पूछना चाहता हुं कि यदि मैं अपराधिक प्रवृति का हुं तो आपकी पुलिस क्या कर रही थी। आप तो पुलिस के बडे अधिकारी भी रहे है। जहां तक सांसद निधि का प्रश्न है, मैने कभी सरकारी धन का दुरूपयोग नहीं किया, जनता मुझसे जब चाहे तब हिसाब ले सकती है। बजरी खनन परिवहन में मेरा कभी हाथ नही रहा, समय-समय पर संसद में मैंने अपने क्षेत्रहित के लिए अनेको-अनेको बार प्रश्न उठाये है और प्रयास किये है। किसान आंदोलन में राजस्थान का किसान था ही नही, टोंक मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय और मेडिकल कॉलेज मेरे कार्यकाल की ही देन है। जौनापुरिया ने पुनः इस बात पर जोर दिया कि यदि मैं अपराधी हुं तो मुझे गिरफ्तार क्यों नही किया जा रहा। ज्ञात रहे कि कांग्रेस प्रत्याशी हरीश चन्द मीणा जौनापुरिया पर तीन-तीन क्षेत्रों की पुलिस मामले दर्ज होने की बात कह भी चुके है, जिससे जौनापुरिया बोखलाहट से दिखाई दिये।

बसपा प्रत्याशी फजल हुसैन की पत्नी चुनाव प्रचार में आई

अलवर, (निसं)। अलवर लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी चौधरी फजल हुसैन के समर्थन में 17 अप्रैल को बसपा सुप्रीमो बहन मायावती आएंगी अलवर व सभा को भी संबोधित करेंगीं। अलवर में लोकसभा चुनाव पूरे यौवन पर है अलवर जिले में इस बार त्रिकोणिय मुकाबला होने से चुनाव रोचक बना हुआ है। अलवर लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा के केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस से मुण्डावर विधायक ललित यादव तो बसपा से फजल हुसैन चुनाव मैदान में है। सभी प्रत्याशी अपनी जीत के लिए जमकर प्रयास कर रहे है। अपने पति को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी फजल हुसैन की धर्म पत्नी भी चुनाव मैदान में अपने पति के चुनाव प्रचार में उतर गई है।